दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : *dnpggkp@gmail.com*
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 24.03.2026

प्रकाशनार्थ

गोरखपुर। आज दिनांक 24.03.2026 को दिग्विजय नाथ पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर भौतिक विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. नितीश शुक्ला के नेतृत्व में सत्र 2025–26 के अकादमिक लेखा एवं **''विज्ञान के क्षेत्र में अवसर''** विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन मुख्यवक्ता डॉ. अमित सिंह चौहान, सहायक आचार्य, भौतिक विज्ञान विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह के संयुक्त निर्देशन में किया गया।

डॉ. अमित सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में कैरियर के अपार अवसर है। ISRO, DRDO और BARC जैसे संस्थाओं में जूनियर साइंटिस्ट का अवसर बी0एस0सी0 के बाद ही मिलता है। बी0एस0सी0, एम0एस0सी0 एवं पी0एचडी0 के बाद अध्यापन, शोध, उद्योग क्षेत्र में अपार अवसर के साथ–साथ स्वयं का स्टार्टअप स्थापित करते हुए अपने एवं आस पास के लोगों को भी रोजगार दिया जा सकता है। विभाग में उपलब्ध संसाधनों का वेहतर उपयोग करते हुए विभाग विद्यार्थियों को साथ लेकर विज्ञान, नवाचार, उद्यमिता एवं स्टार्टअप के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

भौतिक विज्ञान के प्रभारी डॉ. नितीश शुक्ला ने बताया कि अकादमिक लेखा परीक्षण के दौरान विभाग के अनेक विशेषताओं को सराहा गया। जिनमें अनुकूल शैक्षणिक वातावरण, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के मध्य उत्कृष्ट समन्वय का रहना है, जिसका प्रमाण महाविद्यालय, जिले एवं प्रदेश स्तर पर विज्ञान, नवाचार, एवं उद्यमिता के क्षेत्र में विद्यार्थियों की उपलब्धियॉ है।

अतिथि व्याख्या एवं अकादमिक लेखा परीक्षण के दौरान श्री प्रणव कुमार पाण्डेय, डॉ. सूरज शुक्ला, डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, डॉ. आनन्द मिश्रा, डॉ. रामपाल मौर्या, श्रीमती अनुराधा सिंह, श्री गौरव पाण्डेय, श्री संतोष कुमार कंचन सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क